तापमान

अधिकतम 43 .6 डिग्री

न्यूनतम 20 .5 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 6 जून 2026

12 अंबाला के प्रथम शहीद बाबा मोहर सिंह को ...



12 गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में चला पौधारोपण अभियान ...



## खबर संक्षेप

### थाना उप-स्वास्थ्य केंद्र बनेगा पीएचसी

**कुरुक्षेत्र।** जिले के थाना स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में अपग्रेड करने की मंजूरी मिल गई है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। नए पीएचसी में 9 नियमित और 3 श्रेणी-घ के पद सृजित किए गए हैं। इनमें मेडिकल ऑफिसर, महिला मेडिकल ऑफिसर, डेंटल सर्जन, फार्मासिस्ट, दो स्टाफ नर्स, लैब तकनीशियन तथा एमपीएचएस (पुरुष व महिला) शामिल हैं। तीन श्रेणी-घ कर्मचारियों की नियुक्ति हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से की जाएगी। इससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

### रिटायर्ड डाक्टर के घर में दिनदहाड़े चोरी

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 7 में रिटायर्ड सीएमओ के घर पर दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। डा. जगमाल सिंह ने बताया कि वे चंडीगढ़ में अपने बेटे के पास गए हुए थे। घर में कोई भी नही था। घर की उपरी मंजिल पर रह रहे किरायेदार ने उन्हें बताया कि उनके घर में चोरी हो गई है। इस पर वे अपने घर पर आए। घर आकर उन्होंने देखा कि घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और चोर घर के अंदर रखी करीब 10 हजार रुपये की नगदी व लाखों के आभूषण चोरी करके ल गया है। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

### जमीन दिलाने का झांसा देकर हड़पे 48 लाख रुपये

**यमुनानगर।** रादौर क्षेत्र में जमीन दिलाने का झांसा देकर 48 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। गांव जुब्बल निवासी हीरा लाल ने आरोप लगाया कि गांव साढौली के सचिन काम्बोज, उसकी पत्नी प्रियंका और मां कनवर देवी ने जमीन का सौदा कराने के नाम पर उससे जून 2025 से जनवरी 2026 के बीच 48 लाख 104 रुपये ले लिए। बाद में पता चला कि जमीन मालिकों का आरोपियों से कोई सौदा ही नहीं हुआ था। पंचायत में दिया गया 10 लाख रुपये का चेक भी दो बार बाउंस हो गया। आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केयू यूआईईटी के दो छात्रों का हीरो मोटोकॉर्प में चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के दो विद्यार्थियों रत्नेश और रजनीश भारद्वाज का चयन हीरो मोटोकॉर्प इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नीमराना प्लांट में हुआ है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने इसे विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा और उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण का परिणाम बताते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। यूआईईटी निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि संस्थान प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल और अन्य शिक्षकों ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। दोनों विद्यार्थी बिहार के निवासी हैं।

### पानीपतः कैंसर पीड़ित से नकदी ठगी

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप इलाके में शातिर साइबर ठगों ने लव कुमार के लाचार परिवार को अपनी ठगी का शिकार बनाया है, जो पहले से ही जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। ठगों ने यूपीआई के जरिए एक ऑनलाइन रिक्वेस्ट भेजकर पीड़ित के बैंक खाते से 99 हजार की जीवनभर की जमापूंजी साफ कर दी। लव कुमार थर्ड स्टेज के कैंसर से पीड़ित है, पत्नी भी कई गंभीर बीमारियों से जूझ रही है। इस ठगी के बाद पीड़ित परिवार के पास इलाज तो दूर, दो वक्त की रोटी के का संकट खड़ा हो गया है।

---

विश्व पर्यावरण दिवस पर यमुनानगर के व्यासपुर स्कूल में मुख्यमंत्री ने किया पौधरोपण

# 'एक पेड़ मां के नाम' से हरियाणा को मिलेगा हरित भविष्य : नायब सैनी

**प्रदेश में इस वर्ष लगाए जाएंगे 1.50 करोड़ पौधे, 50 लाख होंगे निःशुल्क वितरित**

- पौधागिरी अभियान के तहत 20 लाख स्कूली बच्चों को दिए जाएंगे पौधे
- प्लास्टिक बैगों की जगह नर्सरियों में इस्तेमाल होंगे बायोडिग्रेडेबल बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** व्यासपुर राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल में पौधा रोपण करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल व्यासपुर में पौधारोपण कर लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस की बधाई दी। उपायुक्त प्रीति ने पौधा भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में वन विभाग द्वारा कुल 1.50 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा, जिनमें से 50 लाख पौधे निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही विभाग की सभी नर्सरियों में पौधे उगाने के लिए उपयोग किए जा रहे प्लास्टिक बैगों को बायोडिग्रेडेबल बैगों से बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधागिरी अभियान के तहत इस वर्ष स्कूली बच्चों को 20 लाख पौधे वितरित किए जाएंगे ताकि पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति और संस्कृति को जोड़ने वाला एक प्रेरणादायी अभियान है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके संरक्षण का भी संकल्प ले। केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि पौधों को विकसित कर वृक्ष बनाने की जिम्मेदारी भी समाज को निभानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास भी और विरासत भी के विजन के अनुरूप देशभर में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, यमुनानगर मेयर सुमन बहमनी, डीसी प्रीति, पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, पूर्व विधायक बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

## साढ़ौरा के विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ देने का ऐलान




**यमुनानगर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य बिना रुके निरंतर जारी हैं और सरकार जनकल्याण के संकल्पों को तेजी से पूरा कर रही है। शुक्रवार को साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के व्यासपुर स्थित ऐश्वर्या पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये की विशेष धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि साढ़ौरा के विकास में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। नायब सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में किसानों, युवाओं, महिलाओं और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने बिना पर्ची-बिना खर्ची 25 हजार युवाओं को नौकरी दी है तथा किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीदने में हरियाणा देश में अग्रणी है। सीएम ने महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं, सस्ते गैस सिलेंडर, आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी, डीसी प्रीति, एसपी कमलदीप गोयल सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

---

# कर्ज न चुका पाने से परेशान व्यक्ति ने निगला जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



मृतक अमन

**तीन पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज**

**बेटे के इलाज के लिए लिया था 2.90 लाख उधार**

गांव ककड़ौनी में कर्ज न चुका पाने से परेशान एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पत्नी ने तीन लोगों पर उसे परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव ककड़ौनी निवासी सोनम देवी ने बताया कि उसके बेटे केशव का 27 फरवरी को सड़क हादसा हो गया था। हादसे में घायल बेटे का इलाज पंचकूला स्थित अलकेमिस्ट अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान भारी खर्च आने पर परिवार ने रिश्तेदार बैंडी निवासी चंदन गौतम से दो लाख 90 हजार रुपये उधार लिए थे। उसने बताया कि दो लाख रुपये उसके पति अमन कुमार के बैंक खाते में आए थे, जबकि 90 हजार रुपये उसके खाते में भेजे गए थे। सोनम देवी ने बताया कि परिवार ने 29 मई को एक लाख रुपये चंदन गौतम के खाते में वापस ट्रांसफर कर दिए थे। इसके अलावा 50 हजार रुपये नकद भी लौटा दिए गए थे। आरोप है कि इसके बावजूद चंदन गौतम ने उसके पति अमन कुमार पर नौ लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दे दी। परिजनों का आरोप है कि चंदन, उसका ससुर व्यासपुर निवासी चांदी राम और उसकी बेटी प्रियंका लगातार अमन कुमार पर रुपये लौटाने का दबाव बना रहे थे।

## पानीपत में लूट के दो आरोपी पकड़े



**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने उग्राखेड़ी रोड पर डॉक्टर कर्मबीर पुत्र रत्न सिंह से लूट करने वाले दो आरोपियों सगे भाइयों हिमांशु उर्फ बनिया व दीपांशु उर्फ लक्की पुत्र विरेंद्र निवासी बलजीत नगर, पानीपत गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने उग्राखेड़ी रोड पर दो जून की रात पैदल जा रहे व्यक्ति से लूटपाट करने की वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है। लूट की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में गांव उग्राखेड़ी निवासी डॉक्टर कर्मबीर पुत्र रत्न सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं दोनों भाई नशे करने के आदी है और दोनों आरोपियों पर चोरी व स्नेचिंग के केस दर्ज है।

---

सीटू, महिला समिति समेत कई संगठनों ने किया जोरदार प्रदर्शन

# अस्पताल में नाबालिग से यौन शोषण मामले में आक्रोश, डॉक्टर पर सख्त सजा की मांग




**कुरुक्षेत्र।** जिला के सरकारी अस्पताल में नाबालिग लड़की से डॉक्टर द्वारा यौन शोषण के मामले को लेकर शहर में जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का आयोजन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) और जनवादी महिला समिति द्वारा किया गया, जिसमें एसएफआई, एआईएलयू, सर्व कर्मचारी संघ, जन संघर्ष मंच, रिटायर्ड कर्मचारी संघ और किसान सभा सहित कई संगठनों ने समर्थन दिया।प्रदर्शनकारियों ने आरोपी डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा को कठोरतम सजा देने की मांग की। इससे पहले नागरिक सभा की बैठक बिरला मंदिर में आयोजित की गई, जहां विभिन्न संगठनों के नेताओं ने घटना की कड़ी निंदा की।नेताओं ने आरोप लगाया कि 15 वर्षीय नाबालिग को पेट दर्द के इलाज के लिए भर्ती किया गया था, जहां उसके साथ अस्पताल परिसर में ही यौन शोषण किया गया। आरोपी डॉक्टर पर पहले भी गंभीर आरोप लग चुके हैं, बावजूद इसके उसे अनुबंध पर नियुक्त किया गया। संगठनों ने मांग की कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में जाए और पॉक्सो एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो।

---

अंबाला-दिल्ली नेशनल हाइवे पर दुखेड़ी मोड़ के पास हादसा, लगा 5 किमी लंबा जाम

# कार में आग, दो लोगों ने कूदकर बचाई जान

- दमकल की देरी से कार पूरी तरह खाक, पुलिस ने हटाया मलबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार में आग के बाद उठती लपटे।

अंबाला-दिल्ली नेशनल हाईवे पर दुखेड़ी मोड़ के पास एक चलती आई-20 कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। कार में सवार श्याम सिंह और चालक ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। हादसे के बाद हाईवे पर करीब 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया।जानकारी के अनुसार अंबाला छावनी निवासी श्याम सिंह देर रात करनाल से लौट रहे थे। दुखेड़ी मोड़ के पास पहुंचते ही कार के बोनट से धुआं निकलने लगा। स्थिति को भांपते हुए दोनों तुरंत वाहन से बाहर निकल आए। उन्होंने और आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने देखते ही देखते पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया।सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हुई, लेकिन जाम के कारण पहुंचने में देरी हुई। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। बाद में पुलिस ने जली हुई कार को सड़क किनारे हटवाकर यातायात बहाल कराया।

---

16 अगस्त 2024 केस दर्ज किया गया था

# दुष्कर्म के दोषी को दस साल का कारावास

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज फास्ट ट्रैक कोर्ट अंबरदीप सिंह ने शादी का झांसा देकर एक 21 वर्षीय युवती के साथ लगातार दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के आरोपी दीपक पुत्र राममेहर निवासी बलजीत नगर, पानीपत को वैज्ञानिक साक्ष्यों को आधार पर दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं सिंह ने दीपक पर 20 हजार रुपए का जुर्माना भी किया है, नहीं देने पर दीपक को छह माह की अतिरिक्त जेल भोगनी होगी। कोर्ट दस्तावेजों के अनुसार, 16 अगस्त सन 2024 को दीपक पर केस दर्ज किया था। इधर, जांच के दौरान मधुबन फॉरेंसिक लैब ने पीड़िता व इससे जनमें बच्चे और आरोपी के रक्त के सैंपल का डीएनए टेस्ट करवाया, रिपोर्ट में बच्चा दोषी दीपक का ही मिला। इसी आधार पर जज सिंह की अदालत ने दीपक को सजा दी है।

---

मोबाइल फोन को हैक कर वारदात

# पीएनबी के रिटायर्ड मैनेजर से 4.48 लाख की ठगी

**अंबाला।** पंजाब नेशनल बैंक के एक रिटायर्ड मैनेजर सुभाष चंद्र कंबोज के मोबाइल को हैक कर शातिर साइबर ठगों ने कुल 4 लाख 48 हजार रुपये निकाल लिए।अंबाला शहर के सेक्टर 7 के रहने वाले सुभाष चंद्र कांबोज ने बताया कि 29 मई को उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक मोबाइल नंबर से एक लिंक आया था। जिसमें पीएनबी वन एप को अपडेट करने की बात कही गई थी। लिंक पर क्लिक करने के कुछ ही देर बाद उसी नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक का स्केल-4 अधिकारी बताया और कहा कि वह एप डाउनलोड करने में मदद करेगा। शातिर ठग ने तीन अलग-अलग बैंक खातों से यह राशि निकाली। बैंक की आधिकारिक मोबाइल एप्लीकेशन पीएनबी वन को अपडेट करने का झांसा देकर इस वारदात को अंजाम दिया।

---

# शादी के आठ साल बाद प्रेमिका के साथ फरार हुआ व्यक्ति

- घर से सोने के आभूषण और नकदी ले जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शादी के आठ साल बाद एक व्यक्ति के अपनी प्रेमिका के साथ फरार होने और घर से सोने के आभूषण व नकदी लेकर जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता ने पति पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप भी लगाए हैं। शिकायत के आधार पर सेक्टर-17 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।तेजली फेस-2 निवासी सुमित्रा ने बताया कि उसकी शादी 25 अगस्त 2017 को लक्की के साथ हुई थी। शादी में दूल्हा पक्ष की मांग के अनुसार सोने-चांदी के आभूषण, फर्नीचर और अन्य सामान दिया गया था। इसके बावजूद शादी के अगले ही दिन से दहेज को लेकर ताने और प्रताड़ना शुरू हो गई।पीड़िता के अनुसार 19 मई 2018 को बेटे के जन्म के बाद भी उत्पीड़न जारी रहा। उसने आरोप लगाया कि पति के अन्य महिलाओं से संबंध थे और विरोध करने पर झगड़ा करता था। 20 नवंबर 2025 को पति अचानक घर से गायब हो गया और कथित तौर पर प्रेमिका के साथ फरार हो गया। जाते समय वह घर से सोने के आभूषण और नकदी भी ले गया।

---

खेत बचाओ अभियान के तहत केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री ने किसानों को किया जागरूक

# प्राकृतिक खेती अपनाकर मिट्टी व स्वास्थ्य बचाएं

- मिट्टी की उर्वरा शक्ति बचाने के लिए गोबर आधारित जैविक खाद अपनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** गांव काछवा स्थित ग्राम सचिवालय में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिरकत करते केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर। फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि रासायनिक खादों का बढ़ता उपयोग मिट्टी, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। अब समय आ गया है कि किसान प्राकृतिक खेती को अपनाकर धरती और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं। खेत बचाओ अभियान के तहत शुक्रवार को गांव काछवा स्थित ग्राम सचिवालय में आयोजित किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने किसानों और कृषि अधिकारियों से संवाद किया तथा प्रगतिशील किसानों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। रामनाथ ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 1 से 30 जून तक देश के 100 जिलों में खेत बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसानों को रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक रासायनिक खादों के प्रयोग से खेतों की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है। किसानों को गोबर आधारित जैविक खाद और प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाना चाहिए। उन्होंने किसानों से मिट्टी की नियमित जांच करवाने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, एनडीआरआई के निदेशक डॉ. धीर सिंह, एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसडीएम देवेंद्र शर्मा, अतिरिक्त निदेशक प्रदीप मील, डॉ. वजीर सिंह, कृषि वैज्ञानिक तथा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### देसी गाय की डेयरी और प्राकृतिक खेती मॉडल की सराहना की

**करनाल।** खेत बचाओ अभियान के तहत करनाल पहुंचे केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने प्रगतिशील किसान सुरेंद्र लाठर के फार्म का दौरा कर वहां अपनाई जा रही आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों का अवलोकन किया। केंद्रीय मंत्री ने खेतों के साथ-साथ देसी गाय की डेयरी और पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया तथा फार्म पर किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र लाठर जैसे किसान देशभर के किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। रामनाथ ठाकुर ने कहा कि पशुपालन और प्राकृतिक खेती का समन्वय खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बना सकता है। ऐसे मॉडल किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने और रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देने की अपील की।

---

आरोपी डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज

# क्लीनिक में महिला से दुष्कर्म विरोध पर मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

क्लीनिक पर दवाई लेने गई महिला के साथ डॉक्टर ने दुष्कर्म किया। आरोपी ने महिला व उसके पति को इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव कोट बसावा निवासी शमीम गांव डारपुर में मस्जिद के पास क्लीनिक चलाता है। चार जून को वह अपने पति के साथ दवा लेने के लिए आरोपी के क्लीनिक पर गई थी। कुछ देर बाद उसका पति पास के गांव में किसी काम से चला गया। आरोप है कि इसी दौरान डॉक्टर ने उसे टीका लगाने के बहाने क्लीनिक के अंदर पर्दे के पीछे ले जाकर बैड पर लिटा दिया। महिला का आरोप है कि टीका लगाने की तैयारी के दौरान डॉक्टर ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसने विरोध किया लेकिन आरोपी नहीं माना। इसी दौरान उसका पति मौके पर पहुंच गया। पति ने आरोपी को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। जिसके बाद दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। घटना के बाद आरोपी ने महिला और उसके पति को मामला उजागर करने पर जान से मारने की धमकी दी।

महिला के पति ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी शमीम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक ठगों की पहचान नहीं हो पाई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम ने चलाया मेरा पौधा, मेरी जिम्मेदारी अभियान

# पेड़-पौधे प्रकृति के अनमोल उपहार, इनकी रक्षा हम सबकी जिम्मेदारीः प्रसाद

### निगमायुक्त और अधिकारियों ने शहर में अलग-अलग स्थानों पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। गुलाब नगर में पौधारोपण करते नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा शुक्रवार को शहरभर में मेरा पौधा, मेरी जिम्मेदारी पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और शहरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही केवल पौधा लगाने तक सीमित न रहकर उन सभी पौधों की नियमित देखभाल और उन्हें जीवित रखने का भी संकल्प लिया गया।

नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व वार्ड नंबर 17के पार्षद दीक्षित कुमार के साथ मिलकर गुलाब नगर में पौधारोपण किया। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि पेड़ पौधे प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। जो हमें शुद्ध वायु, स्वच्छ वातावरण और बेहतर जीवन प्रदान करते हैं।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़ चढ़कर भाग लें और अपने घरों, पार्कों तथा सार्वजनिक स्थलों को हरा भरा बनाने में अपना योगदान दें। वहीं,अभियान के तहत मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड नंबर 22 स्थित संजय विहार कॉलोनी में स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है। बल्कि उनकी देखभाल करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करे तो हमारा शहर अधिक हरा भरा, स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बन सकता है। इसी क्रम में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने वार्ड नंबर 8 स्थित ट्रैफिक पार्क में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रूति व पार्षद विभोर पाहुजा के साथ मिलकर पौधे लगाए। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सौंपने के लिए हमें आज से ही सामूहिक प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक कुमार, अजय कुमार, विभा गुप्ता, मुक्ता, सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा, सफाई निरीक्षक प्रदीप दहिया व दुर्गेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका ने चलाया सफाई अभियान



रादौर। नगरपालिका रादौर की ओर से पर्यावरण दिवस को लेकर इलाके के श्मशान घाट रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नपा सफाई निरीक्षक सुमित बैंस व पार्षद राजीव आर्य के नेतृत्व में आयोजित सफाई अभियान में नगरपालिका सफाई कर्मचारियों ने श्मशान घाट रोड पर स्थित नालों के ऊपर साफ-सफाई का कार्य किया गया। जिससे श्मशान घाट रोड पूरी तरह से साफ-सुथरा व सुंदर दिखाई देने लगा। सफाई निरीक्षक सुमित बैंस ने आम जनता से भी आह्वान किया कि वे सफाई व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि रादौर में 14 वार्डों में वार्ड के अनुसार सफाई कार्य किए जा रहे है। पूरे शहर में साफ-सफाई के कार्यों को जल्द पूरा कर लिया जायेगा।



यमुनानगर। जेएमआईटी कॉलेज रादौर में पौधारोपण करते विद्यार्थी व स्टाफ।

### पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत : डॉ. गर्ग

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर सभी ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने का संकल्प लिया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। डॉ.एसके गर्ग ने बताया कि संस्थान पर्यावरण संरक्षण के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहा है तथा समय-समय पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रमों जैसी गतिविधियों का आयोजन करता रहा है। उन्होंने कहा कि आज का यह वृक्षारोपण अभियान उसी सतत प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने परिसर में पौधे लगाकर हरित वातावरण को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

## न्यूज डायरी



### सीएम योगी के जन्मदिवस पर किया पौधारोपण

**रादौर।** सैनी समाज की ओर से शुक्रवार को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर सरकारी अस्पताल में पौधारोपण कर उनकी लंबी आयु की कामना की। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का जन्म 5 जून 1972 को उत्तराखंड के पौड़ी जिले के पंचेर गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम नंद सिंह बिष्ट है। आदित्यनाथ ने 23 वर्ष की अवस्था में सांसारिक जीवन त्यागकर संन्यास ग्रहण कर लिया और गोरखनाथ मंदिर के पूर्व महंत अवैद्यनाथ के सानिध्य में रहने लगे। इस अवसर पर योगराज कांबोज, अजय कश्यप, सतविंदर सिंह, जगन चौहान व हर्ष कांबोज आदि मौजूद थे।



### परिपक्व युवा ही देश को बना सकता है मजबूत

**रादौर।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के सुपुत्र एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने रादौर क्षेत्र में जनसंपर्क चलाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने युवाओं को आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने कहा कि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के मार्ग दर्शन में रादौर क्षेत्र में गांव गांव जाकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिपक्व, सुझवान व संयम सेयुक्त युवा ही भारत के भविष्य को मजबूत रख सकता है। नेपाल राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा सरकार के नेतृत्व एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है। इस अवसर पर मार्केट कमेटी रादौर के चेयरमैन रुपींदर सिंह मल्ही,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जसविंदर ग्रेवाल, पार्षद उज्जवल ठाकुर, भाजपा नेता प्रवीण कल्याण, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।



### विकास कार्यों में अच्छी गुणवत्ता वाली सामग्री लगाएं

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार व नगर निगम द्वारा ट्विन सिटी के सभी वार्डों में समग्र विकास कार्य करवाए जाने के लिए प्रतिबद्ध है। शहर के सभी वार्डों में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जा रही है। उक्त शब्द सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने नगर निगम के 20,21 व 22 वार्ड में 67 लाख 52 हजार रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए कहे। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने नारियल फोड़कर विकास कार्यों के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यों को पूरा किया जाए। विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम और सरकार जनता को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और बजट की कमी को कभी भी विकास के आड़े नहीं आने दिया जाएगा।

### डॉ. निधि महेंद्रू बनीं स्वच्छ जल समिति की अध्यक्ष



**यमुनानगर।** गुरू नानक खालसा कालेज यमुनानगर के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. निधि महेंद्रू को माइक्रोबायोलाजिस्ट सोसायटी इंडिया की स्वच्छ जल समिति की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. निधि महेंद्रू के समिति की अध्यक्ष नियुक्त होने पर कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला व स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी है। कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने कहा कि यह नियुक्ति संस्थान के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति डॉ. निधि महेंद्रू का समर्पण राष्ट्रीयस्तर पर कॉलेज को विशिष्टता और पहचान दिलाता रहेगा। मौके पर डॉ. निधि महेंद्रू ने माइक्रोबायोलाजिस्ट सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. एएम देश मुख व पदाधिकारियों का उन्हें जिम्मेदारी सौंपने के लिए आभार प्रक्ट किया है। कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने भी डॉ. निधि महेंद्रू को अपनी हार्दिक बधाई दी। उन्होंने वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में उनके अथक प्रयासों की सराहना की और उनकी शैक्षणिक तथा पेशेवर उपलब्धियों के माध्यम से संस्थान का गौरव बढ़ाने में उनके योगदान को स्वीकार किया।

## खुले में कचरा डालने वाले हो जाएं सचेत, अब होगी कड़ी कार्रवाई : बहमनी

# मेयर ने खुद उठाया शहर को साफ करने का बीड़ा, हाथों में थामी झाड़ू व जुट गईं सफाई में

### मेयर को झाड़ू लगाते देख सफाई कर्मियों का उत्साह हुआ दोगुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। वीना नगर कैंप में चलाए गए सफाई अभियान में झाड़ू लगाकर साफ सफाई करतीं मेयर व अन्य।

शहर को सुंदर, साफ और स्वच्छ बनाने के लिए नगर निगम यमुनानगर के वीना नगर कैंप में शुक्रवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

अभियान की कमान खुद मेयर सुमन बहमनी से संभाली। उन्होंने खुद अपने हाथों में झाड़ू थामा और कर्मचारियों के साथ साफ-सफाई में जुट गईं। अपने साथ मेयर को झाड़ू लगाते देख सफाई कर्मियों का उत्साह दोगुना हो उठा और उन्होंने कुछ ही समय में इलाके को साफ-सुथरा कर दिया। इस दौरान अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह व स्थानीय पार्षद दीक्षित कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने भी सफाई अभियान में भरपूर सहयोग किया।

मेयर सुमन बहमनी ने अभियान के दौरान अधिकारियों को खुले में कचरा फेंकने वालों पर सख्त कार्रवाई कर चालान काटने के निर्देश दिए। इस दौरान वीना नगर कैंप के बाईपास के आसपास के उन इलाकों में पड़ी गंदगी को उठाया गया और नालियों में उगी हुई झाड़ियों और घास को उखाड़कर पानी की निकासी को दुरुस्त किया गया।

मेयर सुमन बहमनी ने आमजन को समझाया कि शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शहर को गंदा करने वाले लोगों के खिलाफ अब नगर निगम कोई नरमी नहीं बरतेगा। उन्होंने कहा कि यदि अब कोई भी व्यक्ति खुले में या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा डालता हुआ पकड़ा गया तो नियमानुसार उसका चालान काटा जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने नागरिकों से अपनी जिम्मेदारी को समझने और कचरे को यहां वहां फेंकने के बजाय सूखा और गीला कचरा अलग अलग करने की अपील की।

### अधिकारी नियमित करें मानिटरिंग

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने सफाई निरीक्षकों को अभियान खत्म होने के बाद भी क्षेत्र में दोबारा गंदगी न फैले के लिए नियमित मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से आहवान किया कि स्वच्छ यमुनानगर,सुंदर यमुनानगर का सपना तभी साकार हो सकता है जब प्रशासनिक प्रयासों के साथ साथ आम जनता का भी इसमें पूरा सहयोग मिले।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए किए गए कार्यों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं : कंवरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



भारतीय जनता पार्टी प्रतापनगर मंडल के बूथ अध्यक्षों, बीएलए वन, बीएलए टू, शक्ति केंद्र प्रमुखों व भाजपा पदाधिकारियों की प्रतापनगर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल ने की। उन्होंने बैठक में कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीते बारह वर्षों में देश में हुए अभूतपूर्व कार्यों की जानकारी दी।

पूर्व कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों, बीएलए वन, बीएलए टू, शक्तिकेंद्र प्रमुखों व भाजपा पदाधिक4रियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के बीते 12 वर्षों में देश में हुए अभूतपूर्व विकास, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी शक्ति केंद्रों द्वारा अपनी अपनी बूथ समितियों के साथ योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी प्रवीण खदरी, मंडल अध्यक्ष अमित देवधर ,मंडल महामंत्री विजय सिंह,मंडल महामंत्री विनीत सिंगला, चेयरमैन बलविंदर सिंह व भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



### स्वस्थ रहने के लिए अपनाएं योगः डॉ. रजनीश

**यमुनानगर।** राजकीय महाविद्यालय अहड़वाला में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में जिला प्रशासन व आयुष विभाग द्वारा योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रजनीश ने किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रजनीश ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनाएं। मौके पर आयुष योग सहायक रवि कुमार, विकास कुमार व रंजू रानी द्वारा कार्यक्रम में निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार बच्चों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को योग के महत्व, इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन व वज्रासन सहित अन्य महत्वपूर्ण योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। मौके पर अनुलोम,विलोम, कपालभाति व ध्यान की विधियों के माध्यम से मानसिक शांति तथा तनाव मुक्ति के उपाय बताए गए।

## कथाव्यास ने कथा के तीसरे दिन श्रीकृष्ण भगवान की लीलाओं का किया वर्णन

# प्रभु जीवों के बंधनों को काटने के लिए लेते हैं अवतारः भारती

### साध्वी जयंती भारती ने कथा प्रसंग के मध्यम से शिक्षा का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। साढ़ौरा में श्रीकृष्ण कथा श्रवण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योतित जाग्रति संस्थान द्वारा साढ़ौरा में आयोजित की जा रही पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को कथाव्यास ने श्रद्धालुओं को शिक्षा के महत्व को समझाया। मौके पर कथाव्यास साध्वी जयंती भारती ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अद्भुत वर्णन किया।

कथाव्यास साध्वी जयंती भारती ने फरमाया कि प्रभु श्रीकृष्ण ने जन कल्याण के लिए द्वापर युग में अवतार धारण किया। प्रभु साकार स्वरूप में अवतरित होने के पश्चात जब कोई कार्य करते हैं तो वह लीला कहलाती है। क्योंकि प्रभु संसार के बंधनों में बंध कर नहीं अपितु सांसारिक जीवों के बंधनों को काटने हेतु आते हैं। प्रभु द्वारा की गई प्रत्येक लीला में कई आध्यात्मिक रहस्य छिपे होते हैं । लेकिन समय के गर्त में वे धूमिल हो जाते हैं। जिस कारण मनुष्य सत्य के मार्ग से भटक जाता है।

कथाव्यास साध्वी जयंती भारती ने कहा कि समय समय पर हमारे संत महापुरुष प्रभु लीला में छिपे बहुमूल्य सूत्रों को उजागर करते हैं। ताकि हम उनका अनुसरण करके मानव जीवन को सार्थक कर सकें। वर्तमान काल में प्रभु जब इस धरा पर आकर लीला करते हैं तो साधारणतः हम उसे समझ नहीं पाते हैं। क्योंकि मिथ्या अहंकार एवं माया से हमारी बुद्धि आच्छादित रहती है ।

### शिक्षा का उद्देश्य केवल आजीविका कमाना न हो

कथाव्यास ने कहा कि परमात्मा बुद्धि का विषय ही नहीं है। प्रभु को तत्व से जानने के पश्चात ही उनकी लीलाओं के वास्तविक सार तत्व को समझा जा सकता है। कथाव्यास साध्वी जयंती भारती ने कथा प्रसंग के मध्यम से शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि वैदिक काल में गुरुकुलों का निर्माण होता था। मगर आज की शिक्षा प्रणाली केवल भौतिक पक्ष को लेकर ही कार्य कर रही है। पुरातन समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल आजीविका कमाना नहीं था। बल्कि मनुष्य का सर्वांगीण विकास करना था। जिससे एक बालक शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात एक आदर्श नागरिक बन कर समाज के कल्याण हेतु कटिबद्ध होकर कर्तव्य में जुट जाए। आज आधी अधूरी शिक्षा प्रणाली के कारण ही तो मानव कल्याण की ओर नहीं अपितु विनाश की ओर उन्मुख हो रहा है। इसी कारण आज युवाओं में स्वार्थ एवं अहंकार की प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं। विडंबना है कि हम बच्चों को बाहरी शिक्षा तो दे रहे हैं। लेकिन एक मानव को वास्तविक में मानव बनाने के लिए आवश्यक आध्यात्मिक शिक्षा का अभाव है। इसलिए अगर हम अपनी भावी पीढ़ियों का पूर्ण विकास चाहते हैं तो हमें आज अपने बालकों के कोरे मन व मस्तिष्क को बाहरी शिक्षा के साथ आध्यात्मिक शिक्षा से भी पोषित करना होगा। ब्रह्मनिष्ठ संत के द्वारा प्राप्त ब्रह्मज्ञान ही मानवीय जीवन में आध्यात्मिक जागृति ला सकता है। कथा में मंचासीन संत समाज ने भाव पूर्ण भजनों का गायन किया।

## खबर संक्षेप

### साईं बाबा की मूर्ति स्थापना महोत्सव 15 को

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मदिर पिपली के पीठाधीश और मां दुर्गा चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि साईं बाबा की मूर्ति स्थापना 9 जून 2011 को हुई थी। इसलिए साईं बाबा की मूर्ति स्थापना का 15 वॉ वार्षिक महोत्सव 9 जून 2026 को भक्ति भावना से श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। मंगलवार को 10 बजे यज्ञ ,आरती और भक्तों में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के प्रांगण में साईं सेवा मण्डल द्वारा आयोजित होगा।

### वेलोसिटी वॉरियर्स समर कप 2026 की विजेता बनी

**थानेसर।** नरकातारी रोड स्थित कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी के खेल मैदान में समर कप के फाइनल मैच में वेलोसिटी वॉरियर्स ने रॉयल वॉरियर्स को 200 रन से हराकर चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया। रॉयल वॉरिसर्य ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया। वेलोसिटी वॉरियर्स ने 40 ओवर में 281 रन का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल वॉरियर्स की टीम 16 ओवर में 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

### समाजसेवी गुरप्रीत सिंह को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** प्रांतीय मेधावी छात्र कार्यशाला के अवसर पर समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवी गुरप्रीत सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रधानाचार्य नारायण सिंह ने गुरप्रीत सिंह को अंगवस्त्र, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा एवं प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

### त्रिपुरा से आए प्रतिभागियों ने राज्यपाल से किया संवाद

**कुरुक्षेत्र।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत आयोजित युवा संगम फेज के तहत त्रिपुरा से आए प्रतिभागियों एवं संकाय समन्वयकों के एक दल को लोक भवन, चंडीगढ़ में हरियाणा के राज्यपाल से संवाद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस प्रतिनिधिमंडल में एनआईटी अगरतला के लगभग 55 प्रतिभागी एवं संकाय समन्वयक शामिल थे।

### दिग्विजय सिंह चौटाला आज करेंगे जनसंवाद

**पिहोवा।** पिहोवा क्षेत्र में जन-जन अभियान के अंतर्गत युवा जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला का व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डॉ. जसविंदर खेहरा जी ने बताया कि यह अभियान आमजन की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समाधान की दिशा में ठोस प्रयास करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

### सुभाष सुधा के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों और कार्यकताओं ने हवन का आयोजन करवाया। इस विशेष दिन पर उनकी दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए यज्ञ और हवन का आयोजन बीडीपीओ कार्यालय में किया गया। जहां पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा विशेष तौर पर मौजूद रहे। हवन-यज्ञ के साथ-साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया व पौधरोपण भी किया गया।

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय कराटे सेमिनार संपन्न

**कुरुक्षेत्र।** तीन दिवसीय कराटे महाकुंभ का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए मुख्य आयोजक प्रद्युम्न गौर के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन हरियाणा के खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाएंगे। इस राष्ट्रीय आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

---

### आज ही के दिन प्रधानमंत्री ने की थी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत: सीएम सैनी

# मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधरोपण

**सीएम ने लाडवा विधानसभा के नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए**

हरिभूमि न्यूज ⏭लाडवा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह लाडवा के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया। इसके साथ ही पौधे की सिंचाई भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस है। मैं आप सबको इसकी भी हार्दिक बधाई देता हूं। इसके साथ ही, मैं सबसे अपील करता हूं कि आप पर्यावरण को बचाने में योगदान दें।

आज ही के दिन वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आप एक पेड़ अवश्य लगाएं। इससे पहले मुख्यमंत्री सैनी का पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पहुंचने पर कार्यकतार्ओं ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री सैनी ने लाडवा विधानसभा के नागरिकों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओं का हल करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण पर संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति के साथ हमारा जुड़ाव केवल एक दिन के औपचारिक आयोजन तक सीमित नहीं रहना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें हम सभी को अपने दैनिक जीवन में छोटी-छोटी परंतु सार्थक भूमिकाओं का निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि जब हम एक पौधा लगाते हैं, तो हम वास्तव में केवल हरियाली नहीं बढ़ा रहे होते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन की नींव को सुदृढ़ कर रहे होते हैं। इस मौके पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, एसडीएम अनुभव मेहता, मार्केट कमेटी अध्यक्ष डॉ. गणेश दत्त, नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, पूनम सैनी, प्रदीप सहगल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**लाडवा।** विश्राम घर में पर्यावरण दिवस मनाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व उपस्थित कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

#### प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लिया



**कुरुक्षेत्र।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र स्थित कला कीर्ति भवन में हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने परिसर में पौधे लगाकर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लिया। कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने कहा कि आज के आधुनिक और औद्योगिक युग में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियां हमारे सामने खड़ी हैं। इन समस्याओं का एकमात्र और सबसे प्रभावी समाधान अधिक से अधिक पौधारोपण करना है। जोशी ने कहा कि पेड़-पौधे धरती का श्रृंगार हैं और इनके बिना मानव जीवन की कल्पना भी असंभव है। उन्होंने आह्वान किया कि हर नागरिक को विशेष अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।



**कुरुक्षेत्र।** पिपली चिड़ियाघर में मौजूद वन विभाग के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### पिपली चिड़ियाघर में चलाया स्वच्छता अभियान, बांटे जूट के थैले

**कुरुक्षेत्र।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत कुरुक्षेत्र वन विभाग द्वारा पिपली क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुरुक्षेत्र की उपवन संरक्षक एवं आईएफएस सुधा ई. के नेतृत्व में वन विभाग के समस्त स्टाफ ने पिपली चिड़ियाघर और वन विभाग परिसर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान कर परिसर की सूरत बदली। परिसर की साफ-सफाई के उपरांत वन विभाग की टीम रामपुरा नर्सरी पहुंची, जहां मुख्य अतिथि सुधा ई. (आईएफएस), वन राजिक अधिकारी सुभाष चंद और पिपली बीट इंचार्ज राजू बिबियान ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वन विभाग के कर्मचारियों को पौधों की सुरक्षा और उनकी उचित देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से आईएफएस सुधा ई. द्वारा उपस्थित समस्त स्टाफ और फील्ड कर्मचारियों को कपड़े व जूट के थैले बांटे गए। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को कड़े दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी परिसरों और दैनिक जीवन में पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह से बंद किया जाए।



### पर्यावरण संरक्षण से 2047 तक विकसित भारत का सपना होगा साकारः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास विकसित भारत-2047 के विजन की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि यदि हमें वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है तो आर्थिक प्रगति के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी समान महत्व देना होगा। संस्थान के निदेशक प्रो. परमेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा दो आम के पौधे भी रोपित किए गए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा और शोध का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और जागरूकता का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर, ऊर्जा संरक्षण, जल प्रबंधन तथा सतत विकास से जुड़ी गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दे रहा है।

#### 250 तुलसी पौधों का किया वितरण

कार्यक्रम के दौरान भारतीय स्टेट बैंक, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शाखा के प्रबंधक राजीव बंसल के सहयोग से प्रतिभागियों को आकर्षक प्लांटर सहित लगभग 250 तुलसी पौधों का वितरण रहा। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे विभिन्न देशों के लगभग 30 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन विदेशी विद्यार्थियों को कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने तुलसी के पौधे वितरित किए। इस अवसर पर इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के डिप्टी एडवाइजर प्रो. दीपक राय बब्बर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने तथा अपने-अपने देशों में हरित पहल को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया।

---

## डीएन कॉलेज में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭थानेसर

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. उर्मिला पंघाल के कुशल निर्देशन में पर्यावरण परिषद्, युथ रेडक्रॉस सोसायटी व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्या महोदया ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा निर्धारित विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम जलवायु कार्यवाही तथा स्लोगन-प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहना होगा तथा कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रयास करने होगें। सभी प्राध्यापिका वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग व छात्राओं ने भी विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना-अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम में 20 छात्राओं ने अपना योगदान दिया।



**थानेसर।** डीएन कॉलेज में पौधरोपण करते शिक्षकगण। *फोटो : हरिभूमि*

### पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी : डा. रघबीर सिंह



**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहबाद मारकंडा एवं सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य एवं रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा के प्रधान रोटेरियन डॉ. रघबीर सिंह घुम्मन ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और कटते पेड़ों के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है, जिसे बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर चीफ एडवाइजर टू रोटरी गवर्नर रो. राजकुमार गर्ग, रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता, रो. परवीन ठकराल, रो. दीपक कक्कड़, सतलुज स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## कृष्ण वनम् परियोजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कदंब एवं पारिजात के पौधे रोपित कर प्रस्तावित कृष्ण वनम् परियोजना का शुभारम्भ किया। संग्रहालय परिसर में विकसित किए जाने वाले कृष्ण वनम्‌ को पौराणिक, सांस्कृतिक एवं औषधीय वनस्पतियों का जीवंत उद्यान के रूप में विकसित किया जाएगा। इस उद्यान में कदंब, पारिजात, बेल, अर्जुन जैसे सांस्कृतिक एवं पौराणिक महत्व के वृक्षों के साथ विभिन्न औषधीय पौधों का रोपण किया जाएगा।



#### वृक्ष लोककल्याण के प्रतीक

इस अवसर पर पंकज सेतिया ने कृष्ण वनम् की अवधारणा की सराहना करते हुए कहा कि यह उद्यान संग्रहालय आने वाले पर्यटकों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन, आस्था और लोककल्याण के प्रतीक के रूप में देखा गया है। कृष्ण वनम्‌ इसी परंपरा को आधुनिक संदर्भों में जीवंत करने का एक प्रयास है। श्रीकृष्ण संग्रहालय के प्रभारी बलवान सिंह ने कहा कि कृष्ण वनम्‌ केवल एक उद्यान नहीं होगा, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं, पर्यावरण चेतना एवं औषधीय ज्ञान को एक साथ प्रस्तुत करने वाला एक जीवंत शिक्षण स्थल होगा।

---

## स्वर्ग आश्रम के सौंदर्यीकरण काम शुरू

- स्वर्ग आश्रम में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार पर खर्च होंगे लगभग 50 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭शाहबाद

शाहाबाद के बराड़ा रोड स्थित गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब के निकट बने स्वर्ग आश्रम के लंबे समय से लंबित सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य का शुभारंभ हरियाणा सरकार में चेयरमैन सुभाष कलसाना तथा नगरपालिका प्रधान डॉ. गुलशन कवात्तरा ने संयुक्त रूप से किया। नगरपालिका की ओर से स्वीकृत की गई करीब 49.50 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस विकास कार्य के तहत स्वर्ग आश्रम में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले लोगों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध होंगी। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शाहाबाद क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। नगरपालिका प्रधान डा. गुलशन कवात्तरा ने कहा कि अब टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और शीघ्र ही लोगों को इसका लाभ मिलने लगेगा। वार्ड पार्षद जगतार सिंह तारा तथा राजेश उप्पल ने कहा कि वे इस परियोजना को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग देंगे।



**शाहबाद।** स्वर्ग आश्रम में रेनोवेशन कार्य की शुरूआत करते चेयरमैन सुभाष कलसाना।

## अधिकारिता मंत्री ने किया जलाभिषेक

- शुक्रवार को गांव अरुणाय स्थित श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचे मंत्री कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭पिहोवा

हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने 'शुक्रवार को गांव अरुणाय स्थित श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक पूजन किया। मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में पंडित सतीश शास्त्री ने पूजा करवाई।

इस अवसर पर मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं में धार्मिक स्थलों का विशेष महत्व है। संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय जैसे पवित्र स्थान समाज में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। मंदिर से उनका और मुख्यमंत्री नायब सैनी का विशेष लगाव है। श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी का उन पर विशेष आशीर्वाद रहा है।



#### महंत ने दिया आशीर्वाद

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संगमेश्वर महादेव मंदिर के रास्ते को भी करोड़ों रुपये लगाकर फोरलेन किया जा रहा है। मंत्री के साथ उनके पुत्र गौरव बेदी भी मौजूद रहे। जिन्होंने पूजन में हिस्सा लिया। सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि महंत विश्वनाथ गिरी ने मंत्री कृष्ण बेदी को मंदिर द्वारा संचालित व्यवस्था के बारे में बताते हुए उन्हें प्रसाद देकर आशीर्वाद दिया।

---

## इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर फूंका पुतला

**गेहूं के सरकारी स्टॉक पर पानी की बौछारें छोड़ने के मामले ने पकड़ा तूल**

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

जिले में गेहूं के सरकारी स्टॉक पर पानी की बौछारें छोड़ने के मामले में सस्पेंड किए गए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर अंकुर जांगड़ा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग को लेकर शहीद भगत सिंह किसान यूनियन ने बीआर चौक पर प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला फूंका। यूनियन के महासचिव संजीव आलमपुर ने कहा कि सिर्फ सस्पेंड करना पर्याप्त कार्रवाई नहीं है। सरकारी गेहूं को नुकसान पहुंचाने और सरकारी संपत्ति के साथ लापरवाही बरतने के मामले में अंकुर जांगड़ा के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए। अगर कोई आम व्यक्ति इस तरह लापरवाही करता तो उसके खिलाफ तुरंत मुकदमा दर्ज हो।



### गलत आरोप लगाने वाली महिलाओं के खिलाफ भी की जाए कार्रवाई : रेणू भाटिया

## कार्यालय में गठित कमेटियां यौन उत्पीड़न से संबंधित मामले की निष्पक्षता से करें जांच : रेणू

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने कहा कि कार्यालय में गठित कमेटियां यौन उत्पीड़न से संबंधित मामले की जांच को निष्पक्षता और समयबद्ध तरीके से करें, जो महिला गलत आरोप लगाए उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

अब तक 10 ऐसी महिलाओं के खिलाफ आयोग ने कार्रवाई की है, जिनके द्वारा लगाए गए आरोप झूठे पाए गए। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया शुक्रवार को स्थानीय पंचायत भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन अधिनियम 2013 विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सभी का अच्छा व्यवहार होना चाहिए। जिस कार्यालय में सभी अधिकारी व कर्मचारियों का व्यवहार अच्छा होगा वहां पर किसी भी प्रकार का कोई गलत मामला सामने नहीं आएगा। ऐसे कार्यालय में यौन उत्पीड़न जैसे घटनाएं नाममात्र होंगी।



**कुरुक्षेत्र।** महिलाओं को संबोधित करती महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया।

#### कमेटी की पूरी जानकारी डिस्प्ले पर लगाएं

रेणू भाटिया ने कहा कि हर कार्यालय में गठित कमेटी की पूरी जानकारी डिस्प्ले पर लगाई जानी चाहिए, इसमें चेयरमैन व अन्य सदस्यों की फोन नंबरों सहित सूची लगी होनी चाहिए। जब कार्यालय में कमेटी की जानकारी होगी तो किसी भी प्रकार की यौन संबंधी घटना होने पर पीड़ति शिकायत दे सकेंगी। जब तक महिला को कमेटी की जानकारी नहीं होती तब उन्हें शिकायत देने के बारे में भी नहीं पता होगा। उन्होंने कहा कि कमेटी द्वारा हर महीने एक बार बैठक करनी जरुरी है। इस बैठक में पॉश, बाल विवाह, पोस्को, लेबर लॉ सहित अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा होनी चाहिए। इस दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत व परेशानी को दूर करने पर भी चर्चा को शामिल किया जाए।

# अंबाला के प्रथम शहीद बाबा मोहर सिंह को दी श्रद्धांजलि, 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सेदारी की वजह से चढ़ाया था फांसी

## प्रोफेसर चांद सिंह बोले-मोहर सिंह के पराक्रम से डरती थी ब्रिटिश हुकुमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

1857 के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में सर्वप्रथम बलिदान देने वाले अंबाला के शहीद बाबा मोहर सिंह को उनके बलिदान दिवस पर नगरवासियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 5 जून ही वह दिन था जब मोहर सिंह और उनके साथियों की गोरिल्ला युद्ध शैली से घबराई अंग्रेज सरकार ने उनको फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया था। स्थानीय श्रीरघुनाथ मंदिर में आयोजित इस सभा को डीएवी कॉलेज के डॉ. चांद सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि अंग्रेज सरकार ने महाराज रणजीत सिंह के निधन के बाद धीरे-धीरे पूरे पंजाब को अपने आधिपत्य में ले लिया। मोहर सिंह भी रोपड़ की सिख जागीरदारी के कारदार थे। 1857 में विद्रोही 5वीं पैदल सेना ने मोहर सिंह का साथ देने का निर्णय किया। ब्रिटिश सरकार ने सब हथकंडे अपना कर बाबा मोहर सिंह को पकड़ने के प्रयास आरम्भ कर दिए। ब्रिटिश सरकार मोहर सिंह से बहुत डरती थी। उनकी गिरफ्तारी के बाद अंग्रेजों को यह शंका थी कि सेना व जनता धोखे से गिरफ्तार किये गए इस योद्धा को छुड़वाने के लिए विद्रोह न कर दें।

इसी कारण उन्होंने 5 जून 1857 को अदालत लगाने का ढोंग किया ओर बिना मोहर सिंह का पक्ष जाने सीधा फांसी का फैसला सुना दिया। क्रूर सरकार ने बिना देरी किए फैसला होने के तुरंत बाद शाम तक मोहर सिंह और उनके साथियों को पेड़ पर लटका कर फांसी दे दी। धरोहर संरक्षण मंच, जयतु भारतम्, एकम न्यास, मंथन सामाजिक चेतना संगठन सहित कई संस्थाओं के प्रितिनिधि इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे। विश्व हिन्दू परिषद, धर्म प्रसार के कार्यकर्ताओं ने भी बाबा मोहर सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मंदिर समिति के राबिन जिंदल, नीलम शर्मा, नवल शर्मा, कपिल अग्रवाल, आचार्य महेश चमोली, कंवलजीत सहगल, बॉबी गोयल, विपिन आनंद, प्रेम अग्रवाल, पूनम नागपाल, गुलशन बुद्धिराजा व अभिनव गुप्त उपस्थित थे।



अंबाला। शहीदी मोहर सिंह को श्रद्धांजलि देते गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सरस्वती वंदना और वंदे मातरम का अभ्यास किया

**अंबाला।** जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद् एवं कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में हरियाणवी लोक गीत - देश भक्ति ( वन्दे मातरम) गीतों पर आधारित 10 दिवसीय संगीत कार्यशाला लघु बाल भवन अंबाला छावनी में आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कार्यशाला का पांचवें दिन में बच्चों को गायत्री मंत्र वंदना, सरस्वती वंदना, वंदे मातरम का अभ्यास कराया गया।

### नीम के 50 पौधे वितरित किए

**अंबाला।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बाड़ा में जिला आयुष अधिकारी अंबाला डॉ. संजय राजपाल के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. समिधा शर्मा द्वारा धन्वंतरि पूजन से किया गया। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस की थीम पर व्याख्यान देते जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग, पौधरोपण तथा स्वच्छ पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। अवसर पर ग्रामीणों को लगभग 50 नीम के पौधे वितरित किए गए। परिसर में 5 गिलोय के पौधे लगाए गए।

### न्यायिक परिसर में किया पौधरोपण

**अंबाला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर, एडीआर सेंटर, ऑब्जर्वेशन होम तथा केंद्रीय कारागार में वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण अभियान का आयोजन किया गया।

### बोना रोग से फसल बचाएं किसान

**अंबाला।** धान की नर्सरियों को व्हाइट बैक्ड प्लांट हॉपर और एसआरबीएसडीवी ड्वार्फ के हमले से बचाने के लिए निवारक परामर्श दिया है। पिछले साल धान में बोना रोग की घटना को ध्यान में रखते किसानों को सहायक पौधा सरक्षण अधिकारी शेखर व कृषि विकास अधिकारी विनय ने सलाह दी।

### आफत में फंस सकती है जान, कोचिंग सेंटरों में भी यही हाल

# ट्विन सिटी में होटल और ढाबे बिना फायर एनओसी के चल रहे

*तंग बाजार व गलियों में चल रहे संस्थानों में स्थिति बेहद खतरनाक, नोटिस के बावजूद नहीं ले रहे एनओसी, कपड़ा मार्केट में आगजनी की स्थिति में हो सकता है भारी नुकसान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्विन सिटी में होटल व ढाबे बिना फायर एनओसी के चल रहे हैं। मजे की बात है कि ज्यादातर कोचिंग सेंटर संचालकों के पास भी एनओसी नहीं है। ऐसे में रिहायशी व भीड़भाड़ वाले बाजारों में चल रहे इन होटल_ढाबों व कोचिंग सेंटर में आने वाले लोगों की जान सुरक्षित नहीं है। इनमें आने जाने वालों के लिए बेहद तंग सीढ़ियां हैं। हादसे की स्थिति में यहां भारी जानी नुकसान की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

#### 45 के पास नहीं है एनओसी

अंबाला छावनी क्षेत्र में करीब 80 होटल और ढाबे चल रहे हैं। इसके अलावा कोचिंग सेंटरों की संख्या भी अच्छी खासी है। इनमें से केवल 30 के पास ही दमकल विभाग की जारी होने वाली एनओसी है। अन्य संस्थान बिना एनओसी के चल रहे हैं। यहां छोटे बड़े होटलों की संख्या भी संख्या 50 से ज्यादा है। इनमें से 25 के पास भी एनओसी नहीं है। ज्यादातर ढाबे व कोचिंग सेंटर पुराने व जर्जर भवनों में चल रहे हैं। यहां सुरक्षा के उपकरणों का बेहद टोटा है।

#### फायर एनओसी लेनी बेहद जरूरी

रिहायशी व व्यवसायिक भवन मालिकों को फायर एनओसी लेनी जरुरी होती है। खासकर व्यवसायिक भवन जिसकी ऊंचाई 15 मीटर से अधिक है, उसके लिए फायर एनओसी लेना कानूनी रूप से अनिवार्य है। इसके अलावा 500 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले सभी कमर्शियल, इंडस्ट्रियल और वेयरहाउस (गोदाम) भवन, सभी होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल, क्लीनिक, मॉल, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर और बैंकॉक हॉल, चाहे उनका आकार कुछ भी हो वह भी इस दायरे में आते हैं। व्यवसायिक गतिविधियों वाले भवनों के लिए फायर एनओसी केवल 3 वर्ष के लिए वैध होती है। इसके अलावा 16.5 मीटर से अधिक ऊंची रिहाइशी सोसायटियों और बहुमंजिला फ्लैटों के लिए यह वैधता 5 वर्ष की होती है। एनओसी की अवधि खत्म होने से कम से कम 2 महीने पहले दोबारा रिन्यू करने के लिए आवेदन करना जरूरी होता है। कोचिंग सेंटर या होटलों में आने-जाने और आपातकालीन निकास के लिए चौड़े रास्ते और सीढ़ियां होनी चाहिए। बिल्डिंग के भीतर आग बुझाने वाले सिलेंडर, स्प्रिंकलर सिस्टम, फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर और फायर हाइड्रेंट का वर्किंग कंडीशन में होना अनिवार्य है। आग बुझाने के उपकरणों के लिए बिल्डिंग में एक समर्पित वाटर टैंक होना जरूरी है। मुख्य मार्ग से बिल्डिंग के चारों तरफ इतना खुला स्पेस होना चाहिए ताकि फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ी आसानी से घूम सके। उधर फायर सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार ने यह माना है कि बेहद होटल व ढाबा मालिकों के साथ कोचिंग सेंटर संचालकों के पास एनओसी नहीं है। सभी को नोटिस भेज दिए गए हैं। फिर भी एनओसी के लिए आवेदन न करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यालय को सूचित किया जाएगा।

#### सभी में तंग रास्ते

ज्यादातर होटल और कोचिंग सेंटरों में भी आने जाने का केवल एक ही रास्ता है। यह रास्ता भी इतना तंग है कि एक समय में यहां से एक व्यक्ति ही गुजर सकता है। यानि आपातकालीन स्थिति में यहां से गुजरना बेहद मुश्किल होगा। जबकि इन होटल व ढाबों के साथ कोचिंग सेंटर में रोज दर्जनों बच्चे पढ़ने आते हैं। अधिकांश होटलों की भी यही स्थिति है। इनमें आने जाने का एक ही रास्ता है।

#### कपड़ा मार्केट में स्थिति खराब

अंबाला शहर की प्रसिद्ध कपड़ा मार्केट में स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। यहां एक हजार से ज्यादा शो रूम व दूसरी दुकानें हैं। आगजनी की स्थिति में यहां भारी नुकसान हो सकता है। तंग गलियों में ने शोरूम में आने जाने का कोई खुला रास्ता नहीं है। कई मंजिला शोरूम में जाने के बेहद तंग रास्ते हैं। यहां पहले भी कई बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। यहां पर आग बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग को भारी कसरत करनी पड़ती है। अंबाला छावनी में सौदागर बाजार की गली में अग्निशमन विभाग की गाड़ी आधे ही रास्ते जा सकती है।



## शैल्बी अस्पताल में जटिल ब्लैडर रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी सफलतापूर्वक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहाली

शैल्बी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, मोहाली ने 42 वर्षीय महिला रोगी के अत्यंत जटिल ब्लैडर रिकंस्ट्रक्शन मामले का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया है, जो दो पूर्व सर्जरी के विफल होने के बाद वर्षों से इस समस्या से जूझ रही थीं। महिला की पहली सर्जरी मार्च 2022 में संगरूर में और दूसरी सर्जरी जुलाई 2022 में मोहाली के एक निजी अस्पताल में हुई थी। उन्हें लगातार जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा था, जिनमें वेसिकोवजाइनल फिस्टुला, यूरेटेरिक रीइम्प्लांटेशन संबंधी समस्याएं व यूरेटेरिक ऑब्स्ट्रक्शन शामिल थे। शैल्बी अस्पताल, मोहाली में विस्तृत मूल्यांकन के बाद, रोगी को तत्काल हस्तक्षेप के बजाय सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध उपचार के लिए चुना गया। चिकित्सा टीम ने सर्जरी से पहले मूत्राशय की क्षमता बढ़ाने, मूत्र संक्रमण पर सख्त नियंत्रण और अंतिम सर्जरी से पहले निरंतर निगरानी सहित उपचार संबंधी प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया। मरीज की नौ घंटे लंबी जटिल जोड़ सर्जरी, डायरेक्टर - यूरोलॉजी डॉ. मनोज शर्मा, जीआईएस सर्जन ,डॉ. दिविज जयंत (जीआईएस सर्जन) और हेड - एनेस्थीसिया डॉ. मनप्रीत गिल द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य मूत्राशय की कार्यप्रणाली को बहाल करना और पहले की असफल प्रक्रियाओं से उत्पन्न जटिलताओं को ठीक करना था। यह प्रक्रिया मल्टीडिसीप्लिनरी और पेशेंट स्पेसिफिक एप्रोच के साथ की गई।

#### सावधानीपूर्वक दृष्टिकोण अपनाया

डॉ. मनोज शर्मा ने कहा, "यह एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण पुनर्निर्माण का मामला था क्योंकि मरीज की पहले ही दो सर्जरी हो चुकी थीं और वह अभी भी गंभीर मूत्र संबंधी जटिलताओं से जूझ रहा थी। हमने सर्जरी से पहले चरणबद्ध और सावधानीपूर्वक अनुकूलित दृष्टिकोण अपनाया, और यह योजना ही अंतिम परिणाम की सफलता का मुख्य कारण थी।"



## गंगासागर, बैद्यनाथ के साथ अयोध्या धाम की यात्रा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

सीनियर सिटीजन कौंसिल के मिडिया सदस्य सुनील मिनोचा ने बताया कि भारत गौरव ट्रेन से कल रात्रि 9:30 बजे अपनी 11 दिन की धार्मिक यात्रा से लौटी। कल यहाँ लगभग 135 सीनियर सिटीजन पंचकूला- चंडीगढ़ स्टेशन वापिस लौटे। हालांकि इसमें भागदौड़ , समय पर लौटना आदि शामिल होता है। बाकी कोई टेंशन नहीं। दृढ निश्चय से प्रभु का नाम लेते रहो । दर्शन सभी को हो जाते हैं। सुनील मिनोचा के साथ पंचकूला के साथ 15 सदस्य सकुशल, खुले दर्शन कर यहाँ लौटे। जिनमें अश्विनी अरोड़ा, उषा अरोड़ा, सुरेन्द्र सेठी, कमलेश सेठी,रमा वालिया, प्रभा भल्ला,निधि भल्ला, गोपाल कृष्ण गुप्ता, नीलम रानी ,राजा जी आदि शामिल थें। कुल विभिन्न प्रांतों के 400 से ऊपर सीनियर सिटीजन इस स्पेशल ट्रेन में मौजूद थें। सुनील मिनोचा नेआगे बताया कि रोज़ सीनियर सिटीजन के लिए बदल-बदल कर सुपाच्य भोजन दिया जाता था, जो आधुनिक रसोई में बनता था। सफ़ाई व्यस्था का सुबह - शाम ध्यान रखा गया। इस ट्रेन में 90 वर्षीय व्यक्ति अकेला भी आया था,वही कोई पत्नी -संग व्हील चेयर में भी आया था। पहले हम पुरी में जगन्नाथ मन्दिर, फिर गंगासागर गये। कहते है- 'सारे तीर्थ बार-बार,गंगासागर एक बार' जहाँ बस द्वारा ले जाया गया। वापसी कलकत्ता के कालीघाट मन्दिर ले जाया गया। फिर महात्मा बुद्ध का महाबौधी मन्दिर, पीपल का वह वृक्ष, जिसके नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई,आदि देखने स्वयं गएं।गया जी में फागुनी -नदी, जहाँ राम - सीता जी ने अपने पिता के मोक्ष के लिए पूजा- अर्चना की थीं, वहां सभी को अपने पितरों निमित्त पूजा का अवसर मिला।

■ विभिन्न प्रांतों के 400 से अधिक सीनियर सिटीजन स्पेशल ट्रेन में मौजूद थे

## 'ऑपरेशन मैदान: महिला सहित तीन नशा तस्कर गिरफ्तार, हेरोइन और गांजा बरामद

**अंबाला।** पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मैदान' अभियान के तहत तीन आरोपियों को नशे की भारी खेप के साथ काबू किया है। पुलिस ने मुस्तैदी के बल पर पिछले 24 घंटों में तीन शातिर नशा तस्करों को प्रतिबंधित नशीले पदार्थों के साथ दबोचा है। पहले केस में पुलिस ने अंबाला शहर के पालिका विहार की रहने वाली एक महिला तस्कर गिरफ्तार को 18 ग्राम हेरोइन समेत काबू किया है। एएनसी के सहायक उप निरीक्षक जसबीर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि पालिका विहार की रहने वाली एक महिला नशा तस्करी में संलिप्त है। नाकाबंदी कर उसे काबू कर उसे नशीला पदार्थ जब्त किया है। थाना अंबाला शहर में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह साहा पुलिस द्वारा 7.65 ग्राम हेरोइन सहित शातिर अपराधी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान गुलशन कुमार वासी गांव अकबरपुर के तौर पर हुई है। जांच में पता चला है कि आरोपी गुलशन कुमार के खिलाफ पहले भी उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर और मुरादाबाद में लड़ाई-झगड़े से संबंधित आपराधिक मामले दर्ज हैं।



**1 किलो गांजे के साथ काबू :** नशा तस्करी के एक अन्य मामले में थाना शहजादपुर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी रुप्पा सिंह वासी ऋषिनगर शहजादपुर को 1 किलो 149 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

## माता-पिता और शिक्षकों की आज्ञा का पालन करें बच्चे



**अंबाला।** ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम में डिवाइन किड्स समर कैंप का शुभारंभ हर्षोल्लास से व ईश्वरीय स्मृति से किया गया। कैंप में 8 से 15 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों ने भाग लिया। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के व्यक्तित्व का विकास ही इसका मुख्य उद्धेश्य हैं। राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी बीके प्रीति दीदी ने बच्चों को उनके वास्तविक गुण सुख, शांति, प्रेम, आनंद, पवित्रता, शक्ति और समझदारी है, के बारे में डिटेल में बताया। उन्होंने बताया अपने बड़ों माता-पिता दादा दादी तथा टीचर का कहना माने ताकि उन्हें हर प्रकार की समझ मिल सके। आत्मा के यह सभी गुण आपस में एक दूसरे से संबंधित हैं सबका कहना मानने से आज्ञाकारी बनने से सबका प्यार मिलता है। उन्होंने बच्चों को समझाया की सबसे प्रेमपूर्वक व्यवहार करना है। नागरिक अस्पताल के सीनियर डॉक्टर जोगिंद्र ने कहा लड़ाई झगड़ा नहीं करना है। जिसके भी हम कार्य में मदद कर सकते हैं अपने बड़ों की या छोटों की उनके कार्यों में मदद करनी है। इस द्वारा हम उनको सुख दे सकते हैं। फिर उसके बदले में हमें भी सुख मिलेगा। हमें शांति से काम लेना चाहिए एकदम से गुस्से में नहीं आना चाहिए। यदि हम अच्छे बनने की कोशिश करते हैं तो हमें किसी की गलत संगति का रंग भी नहीं लगना चाहिए। संगति भी ठीक करने की शक्ति हमारे अंदर होनी चाहिए।

## बॉयोचार-अकार्बनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग वर्षा आधारित खेती में फसलों की उत्पादकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम

**बराड़ा।** गांव मनुमाजरा के होनहार युवा सचिन ने कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी जम्मू ने एग्रोनॉमी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की है। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। सचिन ने अपना शोध कार्य जम्मू के वर्षा आधारित उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में गेहूं-मक्का फसल प्रणाली की उत्पादकता पर बॉयोचार एवं अकार्बनिक उर्वरकों के समन्वित उपयोग का प्रभाव विषय पर पूरा किया। यह शोध कार्य जम्मू के कृषि संकाय की एग्रोनॉमी डिवीजन के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. अरविंद प्रकाश सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। सचिन के शोध ने यह साबित किया कि बॉयोचार और अकार्बनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग वर्षा आधारित खेती में फसलों की उत्पादकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। शोध के अनुसार बॉयोचार मिट्टी में नमी बनाए रखने, पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाने तथा उर्वरकों की उपयोग दक्षता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे किसानों को कम संसाधनों में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। उनके अध्ययन में यह भी सामने आया कि बॉयोचार केवल कृषि उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है बल्कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने, कार्बन संचयन को बढ़ावा देने तथा बंजर एवं क्षरित भूमि के पुनर्जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। शोध में सुझाई गई तकनीक भविष्य की टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल कृषि व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। सचिन की इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने कहा कि गांव का एक युवा राष्ट्रीय स्तर पर कृषि अनुसंधान में योगदान देकर नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बना है।



### मेधावी छात्रों को 11-11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में चला पौधरोपण अभियान, मंत्री अनिल विज ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने वृक्षारोपण किया। उनके साथ आए अन्य मेहमान व कॉलेज स्टाफ ने मिल कर कुल 200 पेड़ लगाए। इस मौके पर केबिनेट मंत्री ने कॉलेज के अकादमिक मेरिट लिस्ट के साथ साथ खेल व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले छात्रों को सम्मानित किया व प्रत्येक छात्र को 11000 हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा भी की। उन्होंने कॉलेज के नए भवन का निर्माण शीघ्र शुरू करवाने का भी आश्वासन दिया। केबिनेट मंत्री के कॉलेज पहुंचने पर प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने उनका बुके देकर स्वागत किया।



अंबाला। मंत्री अनिल विज का अभिनंदन करते कॉलेज प्राचार्य व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

वृक्षारोपण के बाद आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मंत्री अनिल विज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार व सरकारी विभागों का ही काम नहीं है बल्कि हर सभ्य व संवेदनशील नागरिक को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। कहा कि आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर पर्यावरण देना हम सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि जो पेड़ लगाए जा रहे हैं उनकी देखरेख का जिम्मा छात्रों व स्टाफ का लेना चाहिए ताकि ये पेड़ जल्दी ही हमें छाया देने लगे। उन्होंने कहा कि छावनी का यह कॉलेज उनके प्रयासों से बना है। इसलिए यहां किसी भी तरह को कोई समस्या नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा व डीएफओ नरेश रंगा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर एसडीएम,जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी रेणु ऋषि सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के कन्वीनर डॉ. नायब सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ रविंदर दुबला ने किया। इस आयोजन में डॉ शगुन आहूजा,डॉ. गुरविंदर सिंह, डॉ. रोहिणी, डॉ. रविकांत,डॉ. प्रियंका,प्रो. धर्मवीर सिंह, डॉ. तरसेम रंगा व अन्य स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## फर्जी दस्तावेजों के जरिए लिया लोन

**नारायणगढ़।** घरेलू कलह का फायदा उठाकर एक बैंक डिफॉल्टर पति ने फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों के साथ मिलकर अपनी ही पत्नी के नाम पर करीब 18 लाख रुपये का फर्जी ऋण हड़प लिया। आरोप है कि जाली चेक के जरिए उसे कानूनी पचड़े में उलझा दिया।आरोपियों ने साजिश के तहत विवाहिता का गलत पता देकर कोर्ट से उसे भगोड़ा तक घोषित करवा दिया। पीड़िता को जब पुलिस के जरिए इसकी भनक लगी तो उसने चंडीगढ़ कोर्ट में पेश होकर जमानत ली। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर वरुण प्रताप वोहरा, नरेंद्र सिंह पर धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।पंचकूला के बागवाला के रहने वाली नवजोत कौर ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी नरेंद्र सिंह के साथ हुई थी। दोनों के बीच साल 2019 से ही वैवाहिक विवाद चल रहा है। वह 6 अगस्त 2022 से अपने पति का घर छोड़कर अपनी नाबालिग बेटी के साथ मायके में रह रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005